कृषि क्षेत्र के लिये स्वैच्छिक कार्बन बाज़ार ढाँचा

हाल ही में केंद्र सरकार ने [कृषि क्षेत्र]() में **स्वैच्छिक** [कार्बन बाज़ारों]() के लिये एक रूपरेखा तैयार की जिसका उद्देश्य छोटे तथा मध्यम किसानों को कार्बन क्रेडिट का प्रयोग करने और पर्यावरण-अनुकूल कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिये प्रोत्साहित करना है।

- **स्वैच्छिक कार्बन बाज़ार** एक ट्रेडिंग प्रणाली है जहाँ व्यक्ति तथा संगठन [ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन]() की भरपाई के लिये स्वेच्छा से कार्बन क्रेडिट का क्रय और विक्रय कर सकते हैं।
  - प्रत्येक क्रेडिट एक मीट्रिक टन **परिवर्जित, घटी हुई अथवा समाप्त की गई** CO_2 अथवा समकक्ष GHG का प्रतीक है।
  - ये क्रेडिट उन परियोजनाओं से उत्पन्न होते हैं जो उत्सर्जन में कटौती करते हैं, जैसे- वृक्षारोपण, नवीकरणीय ऊर्जा निवेश आदि।



[//]()

और पढ़ें...[कार्बन बाज़ार]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/voluntary-carbon-market-framework-for-agriculture-sector